विचारार्थ विषय
मुख्य परामर्शदाता-मातृत्व स्वास्थ्य- (प्रबंधन और स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढीकरण) (एक पद)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपरोक्त पद के लिए पूर्णतया अनुबंध के आधार पर योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिकाएं और उत्तरदायित्व:

1. जेएसएसके के संबंध में प्रजननात्मक और बाल स्वास्थ्य (आरसीएच) कार्यक्रम के कार्यान्वयन के पर्यवेक्षण में मातृत्व स्वास्थ्य प्रभाग में योगदान और सेवा प्रदाताओं का क्षमता निर्माण।
2. नवीनतम दिशा-निर्देशों सहित मां और नवजात शिशु से संबंधित सेवा जैसे गर्भावस्था में कैल्शियम पूरक, गर्भावस्था में कृमिनाशक, आदि की प्रदानगी में सुधार करने के लिए तकनीकी दिशा-निर्देश और प्रोटोकॉल विकसित करना।
3. राज्यों और संघ क्षेत्रों में जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम (जेएसएसके) के कार्यान्वियन की निगरानी करना।
4. आदिवासी क्षेत्रों में एनीमिया और मातृत्व स्वास्थ्य से संबंधित अन्य मामलों का पर्यवेक्षण।
5. एचएमआईएस आदि के माध्यम से सूचना पर आधारित विशेष रुप से विभिन्न स्तरों पर अन्तरालों की पहचान/ रिपोर्टों/ क्षेत्र दौरा का आकलन/ विशेष रुप से उच्च फोकस राज्यों और उच्च वरीयता जिलों में एफआरयू के प्रचालन, 24 घंटे पीएचसी और अन्य प्रसव स्थानों में प्रशिक्षण और अन्य आरसीएच कार्यकलाप।
6. अधिक रोगी संख्या वाले प्रसव स्थलों पर मातृत्व एवं बाल स्वास्थ्य विंग बनाने के संबंध में मार्गदर्शन देना।
7. चिकित्सा अधिकारियों के लिए मातृत्व स्वास्थ्य दक्षता आधारित प्रशिक्षण का पर्यवेक्षण और कार्यान्वियन जैसे जीवन रक्षक एनेस्थेटिक कौशल (एलएसएएस), आपातकालीन प्रसूति देखभाल (ईएमओसी) और दक्ष प्रसव परिचर (एसबीए) प्रशिक्षण कार्यक्रम।
8. एचएमआईएस और एमसीटीएस सहित डेटा विश्लेषण और निगरानी। विभिन्न स्तरों पर एचएमआईएस/ रिपोर्ट/ क्षेत्र दौरा आकलन के माध्यम से प्राप्त सूचना के आधार पर अंतरालों की पहचान करना।
9. उपर्युक्त के संबंध में आवधिक रिपोर्ट प्रस्तुत करना तथा स्वीकृत आरसीएच, राष्ट्रीय कार्यक्रम कार्यान्वियन योजना (एनपीआईपी) और राज्य कार्यक्रम कार्यान्वियन योजना (पीआईपी) के अंतरालों को भरने के लिए राज्य स्तर पर अपेक्षित कार्रवाई के बारे में सलाह देना।
10. अंतरालों को भरने के लिए हुई प्रगति पर राज्य सरकार के साथ नियमित रुप से अनुवर्ती कार्रवाई करना।
11. मातृत्व स्वास्थ्य प्रभाग के कार्यकलापों के कार्यान्वियन में राज्यों को सहायता देने के लिए की आवधिक क्षेत्रीय दौरे करना।
12. विविध कार्य जैसे -पीआईपी, तकनीकी सहायता, सहयोगात्मक पर्यवेक्षण।
13. मातृत्व स्वास्थ्य प्रभाग की रुपरेखा आउटपुट समयबद्ध कार्रवाईयों के भीतर सौंपे गए कोई अन्य कार्य तथा टीओआर में शामिल सभी कार्यों की रिपोर्ट, या जैसाकि समय-समय पर मातृत्व स्वास्थ्य प्रभाग द्वारा सौंपा गया हो और किए गए कार्य के संबंध में मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करना।
14. सक्षम अधिकारी द्वारा सौंपे गये अन्य कार्य ।

पात्रता:

1. किसी विख्यात एवं मान्यता प्राप्त संस्थान से चिकित्सा स्नातक (एमबीबीएस) + एमपीएच।
2. न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव, जिसमें से 3-4 वर्ष का आरसीएच से संबंधित कार्यक्रमों के प्रबंधन में संगत अनुभव हो। जन स्वास्थ्य प्रणाली और संगत सरकारी नीतियों/ कार्यनीतियों, विशेषकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और राज्य स्वास्थ्य सोसायटियों से परिचित हो।
3. एमएस ऑफिस, एमएस वर्ड, एक्सेल, पावर प्वॉइंट जैसे आमतौर पर उपयोग किए जाने वाले पैकेजों की उच्च स्तरीय जानकारी सहित कंप्यूटर में पारंगत हों और संगत आंकड़ें तथा दस्तावेज़ जुटाने के लिए वेब सर्फिंग कर सकें।
4. उत्कृष्ट संप्रेषण और प्रस्तुतीकरण कौशल, विश्लेषणात्मक और अंतर-वैयक्तिक क्षमता, अंग्रेज़ी में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल।
5. बहु विषयक दल के परिवेश में कार्य करने की क्षमता।

6. जिला स्तरीय स्वास्थ्य प्रणालियों के सुदृढ़ीकरण के संबंध में क्षेत्रीय स्तर/ कार्य संबंधी स्वास्थ्य कार्यक्रम का प्रचालन करने का अनुभव।
7. परियोजनाओं की समय सीमा के भीतर कार्य करने के साथ-साथ कई अलग-अलग परियोजनाओं पर कार्य करते हुए तकनीकी सहायता और क्षमता उपलब्ध कराने हेतु राज्य और जिलों की यात्रा करने हेतु तैयार रहना।
8. राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर एनएचएम/आरसीएच में जिन अभ्यर्थियों ने कार्य किया है, उन्हें वरीयता दी जाएगी।
9. उच्च कोटि के प्रकाशित कार्य अथवा विशिष्ट क्षेत्र में संगत कार्यानुभव होने पर औपचारिक शैक्षिक योग्यता, अनुभव और आयु में छूट दी जा सकती है।

आयु : आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तारीख को अधिकतम 55 वर्ष आयु और विस्तृत क्षेत्रीय दौरे करने के लिए अच्छा स्वास्थ्य होना चाहिए।

पारिश्रमिक: प्रतिमाह 1,30,000 रुपए से 1,50,000 रुपए के बीच ।

स्थान: दिल्ली

आवेदन करने के लिए: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **19-May-2017** को अपराह्न **4** बजे तक mohfw.recruitment@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।